राजस्थान सरकार

जिला कार्यालय सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग,बीकानेर

Address:-Collectorate Compound, Behind Gangatheater,Bikaner. Ph. No. 0151-2202158.
E-mail :- dlo.doit.bikaner@rajasthan.gov.in

क्रमांकः–F7(1)DoIT_DHQ_BKN/ITProjects/LSPMOM/2026/ 366 दिनांकः– 1/5/2026

Minutes of Meeting

दिनांक **29.04.2026** को समय प्रातः **11:00 बजे से 01:00 बजे तक** जिला कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, बीकानेर में अद्योहस्ताक्षरकर्ता की अध्यक्षता में ई–मित्र केन्द्रो व सेवाओं के सुगम संचालन के सम्बन्ध मे संभागीय समन्वयक, स्थानीय सेवा प्रदाता (ई–मित्र) के साथ संभाग स्तर (बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ एवं चूरू) पर विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक रखी गई थी। उक्त बैठक में बीकानेर संभाग के जिलों के जिला स्तर पर संयुक्त निदेशक/उपनिदेशक एवं ब्लॉक स्तर पर प्रोग्रामर भी वीसी के माध्यम से उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान निम्न मुद्दों पर विचार–विमर्श कर सभी संभागीय समन्वयक, स्थानीय सेवा प्रदाता (ई–मित्र) को निर्देशित किया गया जो निम्नानुसार हैः–

1. **ई–मित्र कियोस्क के मोबाईल में ई–मित्र मोबाईल एप्लीकेशन को इंस्टॉल करना एवं इस एप का अधिकाधिक उपयोग करना तथा आमजन को उक्त एप के उपयोग हेतु प्रेरित करना।**
2. **ई–मित्र रहित ग्राम पंचायत, एक हजार से अधिक आबादी के समस्त राजस्व गॉवों एवं भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केन्द्रो पर ई–मित्र कियोस्क अतिशीघ्र स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया।**
3. स्थानीय सेवा प्रदाता(ई–मित्र) की कम्पनी के अधीन समस्त ई–मित्र केन्द्र पर शुल्क तालिका व बैनर चस्पा हो तथा ई–मित्र संचालको द्वारा ई–मित्र पर उपलब्ध समस्त सेवाऐं प्रदान की जाए एवं सेवाओ हेतु राज्य सरकार द्वारा तय शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लेने व उपभोंक्ताओं को कम्प्यूटर जनित रसीद उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करना।
4. स्थानीय सेवा प्रदाता(ई–मित्र) की कम्पनी के अधीन संचालित समस्त ई–मित्र केन्द्रो का ई–मित्र एप्लिकेशन के माध्यम से समय–समय पर Geo Tagging एवं निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया।
5. भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केन्द्रो पर रजिस्ट्रड ई–मित्र संचालक का नियमित रूप से बैठना एंव ई–मित्र कियोस्को का रजिस्ट्रर्ड पते पर बैठना सुनिश्चित करें।
6. ई–मित्र कियोस्कों को समय–समय पर ई–मित्र पर उपलब्ध सभी सेवाओं का प्रशिक्षण देना एवं नई सेवाओं को आमजन को अधिकाधिक उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।
7. स्थानीय सेवा प्रदाता(ई–मित्र) के अधीन जो ई–मित्र कियोस्क Non_functional है एवं कार्य करने के इच्छुक नही है तो ऐसे कियोस्को को स्थायी रूप से बन्द करवाने हेतु कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
8. समस्त ई–मित्र संचालक कार्य करते समय विभाग द्वारा जारी आई–डी कार्ड का धारण करना सुनिश्चित करें।
9. समस्त ई–मित्र संचालक ई–मित्र की सेवाओं हेतु राज्य सरकार द्वारा निर्धारित पोर्टल का ही उपयोग करें, ई–मित्र संचालक होकर आमजन को सिटिजन पोर्टल का उपयोग करके किसी भी प्रकार की सेवा नहीं देने हेतु निर्देशित किया गया।
10. **समस्त स्थानीय सेवा प्रदाता अपने अधीन कियोस्कों को अधिकाधिक नये IRCTC केन्द्र खुलवाने हेतु प्रेरित करना।**
11. कार्यालय के पत्रों व आदेशों को गंभीरता से लेते हुए उनकी पालना सुनिश्चित करें।

संयुक्त निदेशक, जिला कार्यालय, सू. प्रौ. और संचार विभाग, हनुमानगढ़ द्वारा यह सुझाव दिया गया है कि संभाग स्तर पर अच्छा कार्य करने वाले ई–मित्र एवं एलएसपी को पुरूस्कृत करने की शुरूआत की जाए जिससे कि ई–मित्र एवं एलएसपी अधिक उत्साह एवं जिम्मेदारी से कार्य करें। साथ ही 18+ आधार बनवाने वालों के संलग्न दस्तावेजों को संबधित प्रोग्रामर द्वारा सघनता से जांच की जाए जिससे कि फर्जी आधार जारी होने की समस्या को रोका जा सके एवं अनाधिकृत स्थानों पर संचालित हो रहे आधार केन्द्रों की शिकायत हेतु प्रत्येक जिला स्तर पर हेल्पलाईन नंबर जारी होना चाहिए जिससे कि आधार केन्द्र स्वीकृत स्थान के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान पर कार्य ना कर सके।

Validity unknownSignature valid

RajKaj Ref No.: 21942671
eSign 1.0

Digitally signed by S[...]endra Singh Rathore
Designation : [...]nal Director
Date: 2026.05.0[...]6:00:36 IST
Reason: Approved

राजस्थान सरकार

जिला कार्यालय सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग,बीकानेर

Address:-Collectorate Compound, Behind Gangatheater,Bikaner. Ph. No. 0151-2202158.
E-mail :- dlo.doit.bikaner@rajasthan.gov.in

संयुक्त निदेशक, जिला कार्यालय, सू. प्रौ. और संचार विभाग, चूरू द्वारा समस्त स्थानीय सेवा प्रदाता को निर्देशित किया कि आपके अधीन समस्त ई–मित्र संचालको को पाबंद करें कि राजफेड के आवेदन में फर्जी दस्तावेज अपलोड ना करके सही दस्तावेज ही अपलोड करना सुनिश्चित करें।

उक्त के संबध में अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा समस्त संभागीय समन्वयक, स्थानीय सेवा प्रदाता (ई–मित्र) को निर्देशों की अक्षरशः पालना करने हेतु निर्देशित किया गया।

इसके साथ ही बैठक(वीसी) सधन्यवाद समाप्त की गई।

(सत्येन्द्र सिंह राठौड़)
अतिरिक्त निदेशक
जिला कार्यालय सूचना प्रौद्योगिकी
और संचार विभाग, बीकानेर

क्रमांक/सम/2026/367 – 370 दिनांकः– 1/5/2026

प्रतिलिपीः–

1. श्रीमान् अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर महोदय, जिला ई–गवर्नेंस सोसायटी, बीकानेर को सूचनार्थ।
2. श्रीमान् अतिरिक्त निदेशक, ई–मित्र परियोजना अधिकारी, सू.प्रौ. और संचार विभाग, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक/एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर, जिला कार्यालय सू.प्रौ. और संचार विभाग, बीकानेर संभाग।
4. प्रोग्रामर, ब्लॉक कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, बीकानेर संभाग।

अतिरिक्त निदेशक
जिला कार्यालय सूचना प्रौद्योगिकी
और संचार विभाग, बीकानेर

RajKaj Ref No.:
21942671
eSign 1.0

Validity unknownSignature valid

Digitally signed by S[illegible]endra Singh Rathore
Designation : [illegible]onal Director
Date: 2026.05.0[illegible]6:00:36 IST
Reason: Approved